भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 270**

04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत प्रदान किया गया मुआवजा**

270. श्री प्रदीप पुरोहितः

श्री राधेश्याम राठियाः

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2022, 2023 और 2024 के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत ओडिशा और छत्तीसगढ़ में किसानों को प्रदान किए गए कुल मुआवजे का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत केन्द्र और राज्य सरकारों के अंशदान का ब्यौरा क्या है और क्या इस अंशदान में कोई परिवर्तन किए गए हैं;

(ग) क्या सरकार द्वारा वर्षा, सूखा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण फसलों को हुए नुकसान के लिए किसानों को मुआवजा देने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए कोई विशेष उपाय किए जा रहे हैं;

(घ) क्या सरकार फसल बीमा योजना को और अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के लिए कोई नई योजना शुरू करने की योजना बना रही है ताकि सभी किसान इसका लाभ समयबद्ध तरीके से प्राप्त कर सकें; और

(ङ) क्या प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कोई विशेष राहत पैकेज प्रदान किया जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क): देश में खरीफ 2016 सीजन से प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस) की शुरुआत की गई थी। वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान ओडिशा और छत्तीसगढ़ राज्यों में इस योजना के तहत भुगतान किए गए दावों का वर्षवार और जिलावार ब्यौरा **अनुबंध** में दिया गया है।

(ख): योजना के प्रावधानों के अनुसार, बीमा कंपनियों द्वारा बीमांकिक/बोली प्रीमियम दरें वसूली जाती हैं, लेकिन किसानों को खरीफ के लिए बीमित राशि का अधिकतम 2%, रबी खाद्यान्नों और तिलहन फसलों के लिए बीमित राशि का 1.5% और वाणिज्यिक/बागवानी फसलों के लिए बीमित राशि का 5% भुगतान करना पड़ता है और बीमांकिक/बोली प्रीमियम का शेष हिस्सा केंद्र और राज्य

सरकार द्वारा 50:50 के आधार पर और पूर्वोत्तर राज्यों (खरीफ 2020 सीजन से) और हिमालयी राज्यों (खरीफ 2023 से) के मामले में 90:10 के आधार पर साझा किया जाता है। योगदान में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

(ग) और (घ): पीएमएफबीवाई को मुख्य रूप से 'क्षेत्र दृष्टिकोण' के आधार पर कार्यान्वित किया जाता है और इस योजना के तहत किसानों को बहुत ही न्यूनतम प्रीमियम पर फसलों की बुवाई पूर्व से लेकर फसल कटाई के बाद तक सभी गैर-निवार्य योग्य प्राकृतिक जोखिमों के विरुद्ध व्यापक जोखिम कवरेज प्रदान किया जाता है। तथापि, ओलावृष्टि, भूस्खलन, बाढ़, बादल फटने और प्राकृतिक आग के स्थानीय जोखिमों और चक्रवात, चक्रवाती/बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण कटाई के बाद होने वाले नुकसान की गणना व्यक्तिगत बीमित खेत के आधार पर की जाती है।

फसल बीमा योजनाओं की समीक्षा/संशोधन/युक्तिकरण/सुधार एक सतत प्रक्रिया है और हितधारकों/अध्ययनों के सुझाव/अभ्यावेदन/सिफारिशों पर समय-समय पर निर्णय लिए जाते हैं। प्राप्त अनुभव, विभिन्न हितधारकों के विचारों के आधार पर और बेहतर पारदर्शिता, जवाबदेही, किसानों को दावों का समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और योजना को अधिक किसान अनुकूल बनाने के उद्देश्य से, सरकार ने समय-समय पर पीएमएफबीवाई के प्रचालन दिशानिर्देशों को व्यापक रूप से संशोधित किया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना के तहत पात्र लाभ, समय पर और पारदर्शी तरीके से किसानों तक पहुँचें।

बीमा कंपनियों द्वारा दावों की पारदर्शी गणना और निपटान के लिए, खरीफ 2022 सीजन से "डिजिक्लेम" नामक एक दावा प्रबंधन मॉड्यूल विकसित किया गया है, जिसमें सभी दावों की गणना राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल (एनसीआईपी) के माध्यम से की जाती है और सार्वजनिक वित्त प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) का उपयोग करके किसानों के खातों में भुगतान किया जाता है। यह किसान स्तर तक दावों की पूर्ण चक्र निगरानी सुनिश्चित करता है।

इसके अलावा, दावों की गणना में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से, खरीफ 2023 से, तकनीक पर आधारित उपज अनुमान प्रणाली (यस-टेक) की शुरुआत की गई है, ताकि उपज का आकलन करने के साथ-साथ निष्पक्ष और सटीक फसल उपज अनुमान लगाने में मदद करने के लिए रिमोट-सेंसिंग आधारित उपज अनुमान में क्रमिक रूप से बदलाव किया जा सके। यह पहल खरीफ 2023 से धान और गेहूं की फसलों और खरीफ 2024 से सोयाबीन की फसल के लिए शुरू की गई है, उपज अनुमान में न्यूनतम 30% महत्व अनिवार्य रूप से यस-टेक से प्राप्त उपज को दिया जाएगा।

(ङ): फसल बीमा स्कीम के अंतर्गत ऐसा कोई राहत पैकेज प्रयोज्य नहीं है।

**अनुबंध**

वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान 31 दिसंबर, 2024 तक ओडिशा में पीएमएफबीवाई के तहत भुगतान किए गए दावों का वर्ष-वार और जिला-वार विवरण।

| जिला | भुगतान किए गए दावे (रुपए में) | | कुल |
|---|---|---|---|
| | 2022-23 | 2023-24 | |
| अनुगुल | 17,95,090 | 10,17,872 | 28,12,962 |
| बलांगीर | 1,12,91,82,962 | 25,42,20,956 | 1,38,34,03,918 |
| बालेश्वर | 10,60,58,805 | 6,70,42,619 | 17,31,01,424 |
| बारगढ़ | 11,46,46,846 | 27,27,45,210 | 38,73,92,056 |
| भद्रक | 5,80,74,815 | 6,24,55,067 | 12,05,29,882 |
| बौध | | 22,291 | 22,291 |
| कटक | 26,65,63,010 | | 26,65,63,010 |
| देवगढ़ | 26,95,973 | | 26,95,973 |
| ढेंकनाल | | 3,124 | 3,124 |
| गजपति | 5,766 | 78,78,207 | 78,83,974 |
| गंजम | 6,20,19,140 | 20,58,73,973 | 26,78,93,114 |
| जगतसिंहपुर | 1,19,43,123 | | 1,19,43,123 |
| जाजापुर | 23,22,42,022 | 17,82,84,112 | 41,05,26,134 |
| झारसुगुडा | 89,98,97,780 | 3,39,77,425 | 93,38,75,205 |
| कालाहांडी | 46,24,82,395 | 39,86,63,986 | 86,11,46,381 |
| कंधमाल | 47,916 | 15,35,637 | 15,83,554 |
| केंद्रपाड़ा | 3,97,57,386 | 2,40,05,249 | 6,37,62,635 |
| केंदुझर | 2,566 | | 2,566 |
| खोरधा | 1,63,51,742 | 13,45,51,119 | 15,09,02,861 |
| कोरापुट | 20,149 | 13,50,330 | 13,70,479 |
| मल्कानगिरी | | 21,51,203 | 21,51,203 |
| मयूरभंज | 3,878 | | 3,878 |
| नबरंगपुर | | 1,14,08,147 | 1,14,08,147 |
| नयागढ़ | 3,17,033 | 32,61,026 | 35,78,059 |
| नुआपाड़ा | 4,80,16,431 | 5,92,85,292 | 10,73,01,723 |
| पुरी | 90,24,51,713 | 37,50,41,966 | 1,27,74,93,679 |
| रायगढ़ | 2,268 | 14,49,975 | 14,52,243 |
| संबलपुर | 26,17,92,218 | 5,68,38,086 | 31,86,30,304 |
| सुबरनपुर | 30,998 | 1,79,743 | 2,10,740 |
| सुंदरगढ़ | 1,17,58,91,232 | 2,09,33,820 | 1,19,68,25,052 |
| कुल | 5,79,22,93,259 | 2,17,41,76,435 | 7,96,64,69,694 |

वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान छत्तीसगढ़ में पीएमएफबीवाई और आरडब्ल्यूबीसीआईएस के तहत भुगतान किए गए दावों का 31 दिसंबर, 2024 तक वर्षवार और जिलावार विवरण।

| **जिला** | **भुगतान किए गए दावे (रुपए में.)** | | **कुल** |
|---|---|---|---|
| | **2022-23** | **2023-24** | |
| बालोद | 14,19,55,569 | 8,02,14,364 | 21,14,25,341 |
| बलौदाबाजार | 2,36,21,256 | | 2,18,33,367 |
| बलौदाबाजार भाटापारा | | 97,65,487 | 97,65,487 |
| बलरामपुर | 2,40,97,078 | | 2,22,73,174 |
| बलरामपुर रामानुजगज | | 9,85,061 | 9,85,061 |
| बस्तर | 15,24,58,090 | 9,15,17,272 | 23,24,35,836 |
| बेमेतरा | 79,46,31,561 | 1,81,95,30,922 | 2,55,40,16,962 |
| बीजापुर | 4,74,88,440 | 5,24,62,239 | 9,63,56,287 |
| बिलासपुर | 93,70,707 | 91,84,889 | 1,78,46,328 |
| दंतेवाड़ा | 7,97,01,794 | 18,27,99,708 | 25,64,68,888 |
| धमतरी | 18,20,34,842 | 1,98,93,737 | 18,81,50,394 |
| दुर्ग | 45,59,80,821 | 53,77,74,633 | 95,92,42,346 |
| गरियाबंद | 3,14,78,223 | 16,76,32,188 | 19,67,27,831 |
| गौरेला पेंड्रा मरवाही | 73,65,304 | 8,50,297 | 76,58,122 |
| जांजगीर-चंपा | 2,05,48,041 | 2,65,395 | 1,92,58,158 |
| जशपुर | 10,49,513 | 1,14,54,087 | 1,24,24,163 |
| कबीरधाम | 26,67,32,554 | 76,44,37,853 | 1,01,09,81,467 |
| कांकेर | 42,61,53,162 | 53,63,72,977 | 93,02,70,682 |
| खैरगढ़ छुईखदान गंडई | | 58,27,21,167 | 58,27,21,167 |
| कोंडागांव | 5,19,69,568 | 7,91,91,596 | 12,72,27,596 |
| कोरबा | 7,33,50,851 | 4,16,25,912 | 10,94,24,850 |
| कोरिया | 1,88,37,046 | 16,49,718 | 1,90,60,991 |
| महासमुंद | 57,43,39,501 | 23,06,68,700 | 76,15,36,546 |
| मनेन्द्रगढ़-चिरिमिरी-भरतपुर | | 17,96,305 | 17,96,305 |
| मोहला मानपुर अम्बागढ़ | | 7,14,16,754 | 7,14,16,754 |
| मुंगेली | 2,20,44,629 | 1,90,59,450 | 3,94,35,525 |
| नारायणपुर | 66,98,901 | 7,64,90,821 | 8,26,82,683 |
| रायगढ़ | 4,48,87,135 | 71,95,883 | 4,86,85,519 |
| रायपुर | 73,81,118 | 1,12,44,620 | 1,80,67,062 |
| राजनंदगांव | 1,64,78,94,683 | 26,83,05,664 | 1,79,14,71,490 |
| सक्ती | | 26,99,781 | 26,99,781 |
| सारंगढ़ बिलाईगढ़ | | 1,73,37,746 | 1,73,37,746 |
| सुकमा | 20,93,70,933 | 5,40,17,815 | 24,75,41,499 |
| सूरजपुर | 59,88,384 | 2,29,39,832 | 2,84,74,957 |
| सरगुजा | 1,23,52,860 | 1,15,58,342 | 2,29,76,217 |
| कुल | **5,33,97,82,562** | **5,69,50,81,366** | **10,72,06,76,584** |

*****